INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

कक्षा – दसवीं   विषय – हिंदी (पाठ्यक्रम-ब)

कार्यपत्रिका – मुहावरे के उत्तर

प्रश्न – 1 – उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) आई० ए० एस० की परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए रात-दिन आँखें फोड़नी पड़ती हैं और खून जलाना पड़ता है ।

(ख) चपरासी द्वारा मंत्री जी को राजनीति का पाठ पढ़ाना छोटा मुँह बड़ी बात है ।

(ग) चलाना आए या न आए, आजकल हर ऐरा-गैरा नत्थू खैरा स्मार्ट फ़ोन लेकर घूमता है ।

(घ) कैकेयी ने ऐसे-ऐसे सूक्ति-बाण चलाए कि महाराज दशरथ को श्रीराम को वनवास की आज्ञा देनी ही पड़ी ।

(ङ) फ़िल्म-निर्देशक ने नए अभिनेता के कार्य की इतनी आलोचना की कि उसके जिगर के टुकडे-टुकडे हो गए और उसकी हिम्मत टूट गई ।

(च) चोर दबे पाँव घर में आया और चोरी करके चला गया ।

(छ) स्कूल से भागकर बाहर घूमने वाले छात्र के सिर पर नंगी तलवार लटक रही थी कि कहीं कोई जान-पहचान वाला देख न ले ।

(ज) मदन कम अंक पाने पर पहले से ही दुखी था, कमल ने उसका मज़ाक उड़ाकर उसके घाव पर नमक छिड़का ।

(झ) नदी में आई भयंकर बाढ़ ने पूरे गाँव का नामोनिशान मिटा दिया ।

(ञ) दसवीं पास रामू को गाँव की पाठशाला में अध्यापक की नौकरी मिलना अंधे के हाथ बटेर लगना है ।

(ट) अर्थशास्त्र ऐसा विषय है कि उसे पढ़कर दाँतों पसीना आ जाता है ।

(ठ) एवरेस्ट पर चढ़ना लोहे के चने चबाना है ।

(ड) आजकल सरकारी नौकरी पाने के लिए बहुत पापड बेलने पडते हैं ।

(ढ) विवाह के बाद जब रमेश को ख़ुद घर चलाना पड़ा तो उसे आटे-दाल का भाव मालूम हुआ ।

(ण)जब से उसे विश्व-सुंदरी का ख़िताब मिला है, उसके पाँव ज़मीन पर नहीं पडते ।

(त) यात्रा के लिए जाते समय मैंने माँ की बातों की गिरह बाँध ली ।

(थ)बच्ची को सड़क पर जाते देख माँ के प्राण सूख गए ।

(द) जब पंकज कॉलेज से देर से घर लौटा तो पिताजी ने उसे आड़े हाथों लिया ।

(ध)आंदोलनकारियों पर लाठी बरसा कर अंग्रेज पुलिस ने अपना रंग दिखा दिया ।

(न)उधार लेने के बाद लोग प्रायः मुँह चुराने लगते हैं ।

(प) जब से पिताजी ने मकान बनाने का काम हाथों में लिया है,तब से बहुत व्यस्त हो गए हैं ।

(फ) बड़ों के उपदेश बच्चों को प्रायः ज़हर लगते हैं ।

(ब) रेलवे पर बनने वाले पुल का काम फिर से ठंडा पड गया है ।

(भ) ये लाफ़्टर चैनल के कलाकार बे-सिर पैर की बातें करके लोगों को उल्लू बनाते हैं ।

(म) रक्षाबंधन के दिन भाई के इंतज़ार में बहन के लिए एक-एक क्षण काटना पहाड़ हो जाता है ।

(य) ओलंपिक में स्वर्णपदक जीतना कठिन साधना का काम है, कोई हँसी-खेल नहीं है ।

(र) गाँव से शहर आकर दोस्तों के साथ घूमने-फिरने में वह पिता की गाढी कमाई बर्बाद कर रहा है ।

(ल) क्रिकेट खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप जीतने के लिए जी-तोड मेहनत करनी पडती है ।

(व) नौकरी छूट जाने के कारण आजकल अनेक युवक पैसे-पैसे को मोहताज़ हो गए हैं ।